आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 09.09.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- हिमालय संरक्षण दिवस पर मुख्यमंत्री ने कहा–– हिमालय के सरोकारों से जुड़े विषयों के लिए यूकॉस्ट के सहयोग से समिति का गठन किया जाएगा।
- प्रदेश में स्प्रिंग एंड रिवर रिजूविनेशन प्राधिकरण–सारा के तहत लंबित कार्यों का 15 दिनों के अंदर परीक्षण करवा कर रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश।
- देहरादून सहित राज्य के अन्य बड़े शहरों में यातायात की समस्या के समाधान के लिए जल्द ही अल्पकालिक और दीर्घ अवधि की योजना तैयार की जाएगी।
- केन्द्र ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से मंकी पॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों की स्क्रीनिंग और जांच करने को कहा।
- कृमि मुक्ति दिवस पर कल प्रदेशभर के बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी।

समाचारों के साथ मैं जयवीर सिंह। और अब समाचार विस्तार से–

हिमालय दिवस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमालय के संरक्षण के लिये हर दिन कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। हिमालय दिवस के अवसर पर आज देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में श्री धामी ने कहा कि वर्तमान में हिमालय के महत्व को नई तरीके से समझने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही हिमालय के सरोकारों से जुड़े विषयों के लिए यूकॉस्ट के सहयोग से समिति का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार, वैज्ञानिकों के सहयोग से जलस्रोतों बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। हिमालय में पाए जाने वाले वन्यजीवों को पारिस्थितिकी के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण बताते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नीति आयोग की बैठक में हिमालयी राज्यों के लिए अलग योजनाएं बनाने की बात उठाई थी और इस दिशा में अब काम शुरू हो गया है।

निर्देश

स्प्रिंग एंड रिवर रिजूविनेशन प्राधिकरण– सारा के तहत प्रदेश में चल रही योजनाओं को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए गए हैं। सारा के तहत जिलों में लंबित कार्यों का 15 दिनों के अंदर परीक्षण करवा कर रिपोर्ट शासन को भेजने को कहा गया है। साथ ही जो काम पूरे हो चुके हैं, उनके नतीजे आंकड़ों के साथ उपलब्ध कराने को कहा गया है। अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आज सचिवालय में स्प्रिंग एंड रिवर रिजूविनेशन प्राधिकरण की जिला और अर्न्तविभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने संकटपूर्ण जल स्रोतों के उपचार के लिए वैज्ञानिक विधि से स्प्रिंगशेड तथा रिचार्ज क्षेत्रों की पहचान और सीमांकन करने को कहा। उन्होंने जल संरक्षण के साथ ही जल गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि भौगोलिक स्थिति को देखते हुए उपयुक्त रिचार्ज उपायों को अपनाया जाए। उन्होंने पेयजल निगम, जल संस्थान, सिंचाई और लघु सिंचाई विभाग द्वारा चिन्हित किए गए कार्यों में आपसी समन्वय के साथ तेजी लाने पर भी जोर दिया। बैठक में बताया गया कि पेयजल निगम द्वारा राज्य के अंतर्गत कुल 78 और जल संस्थान 415 संकटपूर्ण जल स्रोत चिन्हित किए गए हैं, जिनपर विभिन्न स्तरों पर काम किया जा रहा है।

जांच और परीक्षण

केन्द्र ने देश के राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को मंकीपॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण करने को कहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने मंकीपॉक्स से संबंधित विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य आपात की घोषणा की। मंत्रालय ने अपने परामर्श में मंकीपॉक्स को लेकर जागरूकता बढाने तथा लोगों में फैले डर को रोकने के लिए निवारक उपाय अपनाने पर बल दिया है। मंत्रालय ने वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राज्य और जिला स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा विशेषकर जन स्वास्थ्य से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करने का परामर्श भी दिया। राज्यों को संदिग्ध और पुष्ट दोनों मामलों की देखरेख के लिए अस्पतालों में पृथकवास सुविधाओं तथा आवश्यक लॉजिक्स्टिक्स और प्रशिक्षित मानव संसाधनों की उपलब्धता की पहचान करने को भी कहा गया है। श्री चंद्र ने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय इस स्थिति की निगरानी करना जारी रखेगा और राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को हरसंभव समर्थन प्रदान करेगा।

भूमि पूजन

बागेश्वर जिले के कपकोट विकासखंड के केदारेश्वर मैदान में बाढ़ सुरक्षा का काम किया जायेगा। इस पर 98 लाख रुपये से अधिक की लागत आयेगी। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आज बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों और 45 लाख रुपये की धनराशि से बनने वाले चिल्ड्रन पार्क के कार्यों का भूमि पूजन किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ सुरक्षा संबंधी व अन्य कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

औचक निरीक्षण

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने आज जिला समाज कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जा रही पेंशन सहित अन्य योजनाओं की ब्लॉक वार जानकारी ली। जिलाधिकारी ने पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की स्थिति का अवलोकन भी किया। साथ ही, जिलाधिकारी ने किसी भी योजना का आवेदन सात दिन से अधिक लम्बित न रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवेदन लंबित रखने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण कार्यालय में अभिलेखों का ठीक से रख रखाव न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, अभिलेखों का उचित रखरखाव करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम अनुसूचित जाति अनुदय ऋण योजना के आवेदन की जानकारी लेते हुए योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश भी दिए।

यायातात समस्या समाधान

देहरादून सहित राज्य के अन्य बड़े शहरों में यातायात की समस्या के समाधान के लिए जल्द ही अल्पकालिक और दीर्घ अवधि की योजना तैयार की जाएगी। देहरादून में पुलिस और परिवहन विभाग सहित अन्य सम्बन्धित एजेन्सियों के साथ आयोजित बैठक में गृह सचिव शैलेश बगोली ने यातायात संबंधित सभी विभागों को आपसी सामंजस्य के साथ इसके लिए कार्य योजना तैयार कर धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अत्यधित यातायात दबाव वाले स्थानों पर नई सड़कों का निर्माण व पार्किंग स्थलों का निर्माण किया जाए। उन्होंने व्यापारिक संस्थानों, मॉल और रेस्टोरेंट में पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में रेहड़ी–ठेली लगाने वालों के लिए मोबाइल वेंडिंग जोन निर्धारित किए जाए। इसके अलावा लालबत्ती उल्लंघन पहचान प्रणाली को सुचारू करने के भी निर्देश दिए गए।

पोषण माह

बागेश्वर जिले में पोषण माह के तहत बाल विकास विभाग ने प्राथमिक विद्यालय मंडलसेरा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान लाभार्थी महिलाओ, छात्र–छात्राओं और ग्रामीणों को पोषण की जरूरत और उसकी महत्ता को लेकर जानकारी दी गई। इस दौरान छात्र छात्राओं के बीच मेंहदी और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया और विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिला कार्यक्रम समन्वयक लता भंडारी ने बताया कि लोगों को राष्ट्रीय पोषण माह के उद्देश्यों के प्रति भी

जागरूक किया जा रहा है। बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए शुद्ध और पौष्टिक भोजन देने को भी कहा जा रहा है।

नन्दा लोकजात यात्रा

हिमालय की आराध्य मां नंदा की लोकजात यात्रा अब धीरे–धीरे उच्च हिमालय क्षेत्र की ओर बढ़ रही है। यात्रा आज चमोली जिले के गेरौली पातल में रुकेगी। कल यात्रा बेदनी नामक स्थान पर पहुंच जाएगी। मान्यता है कि पवित्र बेदनी कुंड में समस्त हिमालयी देवी देवता स्नान करते हैं। इस अवसर का साक्षी बनने के लिए हजारों की संख्या में लोगों का बेदनी पहुंचना शुरू हो गया है। बेदनी बुग्याल में स्थित बेदनी कुंड में पूजा अर्चना के बाद लोकजात यात्रा का समापन हो जाएगा।

कृमि मुक्ति दिवस

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कल कृमि मुक्ति दिवस पर प्रदेशभर के बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। इसके तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर एक से छह वर्ष आयु के बच्चों, सभी सरकारी–गैर सरकारी विद्यालयों के छह से 19 वर्ष आयु के विद्यार्थियों को कृमि नाशक दवा खिलाई जाएगी। देहरादून जिले में छह लाख से अधिक बच्चों को यह दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया ळें कृमि संक्रमण से बच्चों में खून की कमी, कुपोषण, भूख न लगना, बेचैनी, पेट में दर्द, उल्टी और दस्त और वजन में कमी जैसी परेशानियां होने लगती हैं।एल्बेंडाजोल की दवा लेने से बच्चों के पेट में होने वाले कृमि संक्रमण को रोका जा सकता है। जो बच्चे कल दवा खाने से छूट जांएगे, उन्हें 18 और 19 सितंबर को कृमि नाशक दवा खिलाई जाएगी।

कुबेर गली

विश्व प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम में पौराणिक आस्था पथ कुबेर गली की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। पिछले दिनों हुई तेज बारिश से मलबा आने के कारण पुराना आस्था पथ क्षतिग्रस्त हो गया था। बदरीनाथ में पुनःनिर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कार्यदायी संस्था को जल्द से जल्द सभी काम पूरा करने के निर्देश दिये। गौरतलब है कि नदी का जल स्तर कम होने के बाद क्षेत्र में भारी मशीनों से रिवर फ्रंट डेवलपमेंट और पौराणिक कुबेर गली का स्थायी रूप से निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

नंदा–सुनंदा महोत्सव

चंपावत जिला मुख्यालय में नंदा–सुनंदा महोत्सव का आज से शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने मां नंदा–सुनंदा की आकर्षक झांकियां निकाली। सात दिन तक चलने वाले महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही शैक्षिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमो का भी आयोजन किया जा रहा है। चंद राजाओं की कुलदेवी के रूप में पूजित नंदा–सुनंदा मेले का आयोजन हर वर्ष किया जाता है और महोत्सव में दूर–दराज के गांवों से भी लोग आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं।

पब्लिक स्पीक

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग, अपने साप्ताहिक कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में आज रात साढ़े नौ बजे सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार की पहल विषय पर परिचर्चा प्रसारित करेगा। परिचर्चा में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में सलाहकार डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी और राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के महानिदेशक प्रोफेसर मोहम्मद रिहान शामिल होंगे। कार्यक्रम आकाशवाणी के एफ एम गोल्ड चैनल और अतिरिक्त मीटरों पर प्रसारित होगा।